कर्मचारी राज्य बीमा निगम
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt of India)

पंचदीप भवन, सी॰ आई॰ जी॰ मार्ग, नई दिल्ली
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, New Delhi-02
Email : jd-rectt@esic.nic.in
Website : www.esic.gov.in

## ऑनलाईन परीक्षा

**पदोन्नति हेतु ऑनलाईन परीक्षा**

1. **सामाजिक सुरक्षा अधिकारी (SSO)**
2. **सहायक / मुख्य लिपिक**
3. **उच्च श्रेणी लिपिक (UDC)**
4. **निम्न श्रेणी लिपिक (LDC)**
5. **व्यक्तिगत सहायक**

**परीक्षा दिनांक : 05.07.2025**

## सूचना पुस्तिका

परिचय

1. यह पुस्तिका उन प्रश्नावलियों के प्रकार का वर्णन करती है जो आपको ऑनलाईन परीक्षा में दी जायेगी ।
2. ऑनलाईन परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार प्रकार के प्रश्नपत्र होंगे । वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि ये स्कूल/कॉलेज की सामान्य परीक्षाओं से अलग ढंग की होती है ।
3. वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा में प्रश्नों के उत्तर शब्दों या वाक्यों में नहीं लिखने होते हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिये एकाधिक उत्तर सुझाये जाते हैं जो प्रत्येक प्रश्न के साथ छपे रहते हैं । इनमें से केवल एक ही सही उत्तर होता है । आपको इन सुझाये गये उत्तरों में से सही उत्तर चुनना होता है ।

### सामाजिक सुरक्षा अधिकारी (SSO) पद के लिए परीक्षा का स्वरूप

| क्र.सं. | प्रश्नावली का नाम/पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ESI अधिनियम, स्थानीय कार्यालय / लेखा / चिकित्सा / रिकवरी मैनुअल, प्रारूपण और कार्यालय प्रक्रिया | 100 | 100 | द्विभाषी हिन्दी और अंग्रेजी | 120 मिनट |
| 2 | FR/SR/GFR/पेंशन/आचरण नियम और बहीखाता | 100 | 100 | | 120 मिनट |
| 3 | प्रशासनिक कानून और प्रबंधन के सिद्धांत | 100 | 100 | | 120 मिनट |
| | **कुल** | **300** | **300** | | **360** मिनट |

**नोट: परीक्षा तीन सत्रों/शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। 3 पेपर 3 अलग-अलग शिफ्टों में आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक पेपर यानी प्रत्येक शिफ्ट के लिए अलग-अलग बुलावा पत्र (Call letter) होंगे।**

### सहायक / मुख्य लिपिक पद के लिए परीक्षा का स्वरूप

| क्र.सं. | प्रश्नावली का नाम/पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी भाषा | 100 | 100 | अंग्रेजी | 120 मिनट |
| 2 | ESI परियोजना और कार्यालय प्रक्रिया | 100 | 100 | अंग्रेजी और हिन्दी | 120 मिनट |
| 3 | अंकगणित, गणितीय क्षमता, सामान्य मानसिक | 100 | 100 | अंग्रेजी और | 120 मिनट |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | क्षमता और सामान्य ज्ञान | | | हिन्दी | |
| | **कुल** | **300** | **300** | | **360 मिनट** |

**नोट: परीक्षा तीन सत्रों/शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। 3 पेपर 3 अलग-अलग शिफ्टों में आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक पेपर यानी प्रत्येक शिफ्ट के लिए अलग-अलग बुलावा पत्र (Call letter) होंगे।**

## उच्च श्रेणी लिपिक (UDC) पद के लिए परीक्षा का स्वरूप

| क्र.सं. | प्रश्नावली का नाम/पेपर | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी भाषा | 100 | 100 | अंग्रेजी | 120 मिनट |
| 2 | ESI परियोजना और कार्यालय प्रक्रिया | 100 | 100 | अंग्रेजी और हिन्दी | 90 मिनट |
| 3 | अंकगणित | 50 | 50 | अंग्रेजी और हिन्दी | 60 मिनट |
| | **कुल** | **250** | **250** | | **270 मिनट** |

**नोट: परीक्षा तीन सत्रों/शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। 3 पेपर 3 अलग-अलग शिफ्टों में आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक पेपर यानी प्रत्येक शिफ्ट के लिए अलग-अलग बुलावा पत्र (Call letter) होंगे।**

## निम्न श्रेणी लिपिक (LDC) पद के लिए परीक्षा का स्वरूप

| क्र.सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 25 | 25 | अंग्रेजी | 120 मिनट |
| 2 | अंकगणित | 25 | 25 | अंग्रेजी और हिन्दी | |
| 3 | सामान्य सचेतता | 40 | 40 | अंग्रेजी और हिन्दी | |
| 4 | ESI परियोजना | 10 | 10 | अंग्रेजी और हिन्दी | |
| | **कुल** | **100** | **100** | | **120 मिनट** |

## व्यक्तिगत सहायक पद के लिए परीक्षा का स्वरूप

| क्र.सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य सचेतता | 100 | 100 | अंग्रेजी और हिन्दी | 120 मिनट |
| 2 | अंग्रेजी भाषा ( अंग्रेजी भाषा की बोध एवं लेखन क्षमता) | 100 | 100 | अंग्रेजी | |
| | **कुल** | **200** | **200** | | **120** मिनट |

परीक्षा के लिए समय 60/120 मिनट है, जैसा की लागू होगा ; तथापि लागिंग इन, बुलावा पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में अनुक्रमिक रूप से लगभग 120/180 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली को छोडकर सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । विभाग/ पेपर को दिए गए समय में उस विभाग/ पेपर में से आप किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं

। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के चार उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती नहीं की जायेगी। आपको सलाह दी जाती है कि आप अंदाजा लगाकर उत्तर ना दें ।**

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## ENGLISH LANGUAGE

This is a test to see how well you know English. Your English language ability would be tested through questions on grammar, vocabulary, sentence completion, synonyms, antonyms, comprehension of a passage, etc. Study and answer the sample questions given below :

**Q.1-3. Directions :** Pick out the most appropriate word from amongst the words given below each sentence to complete it meaningfully.

**Q.1.** He quickly glanced .............................. the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to

**Q.2.** The counsel urged the court to ........................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike

**Q.3.** The local official ........................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told

**Q.4-6. Directions :** Read each sentence to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part of the sentence is your answer. If there is no error, the answer is No error

**Q.4.** I am twenty two years old (1) / when I first (2) / joined the bank. (3) No error (4)

**Q.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is holier than (2) / any other river. (3) No error (4)

**Q.6.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher were very strict. (3) No error (4)

## अंकगणित / गणितीय क्षमता

**प्र.1.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?
(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610

**प्र.2.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286

**प्र.3.** यदि 10 रुपये में एक पेन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पेन का मूल्य क्या है ?
(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु.

**प्र.4.** 2168 + 3154 + 2369 = ?
(1) 7791 (2) 7691 (3) 7681 (4) 7781

**प्र.5.** यदि 3 कामगारों ने 4 दिनों में 48 कि. ग्रॅ. कापूस इकठ्ठा किया तो 9 कामगार 2 दिनों में कितना कि. ग्रॅ. कापूस इकठ्ठा करेंगे ?
(1) 216 (2) 32 (3) 108 (4) 72

## सामान्य मानसिक क्षमता

**प्र.1.** परान्दा शहर ग्रीन लेक में है । अकरम शहर परान्दा के पश्चिम में है । तोखाडा, अकरम के पूर्व में किंतु परान्दा के पश्चिम में है । काकरन, बोपरी के पूर्व में किंतु तोखाड़ा और अकरम के पश्चिम में है । ये सभी एक ही जिले में हैं तो कौनसा शहर पश्चिम में सबसे दूर है ?
(1) परान्दा (2) काकरन (3) अकरम (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वीं हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वीं हो जाती है । पंक्ति में कितनी लडकियां हैं ?

(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) M (3) X (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** सोहनलाल ने रु. 100 प्रति रीम से पेपर के 120 रीम खरीदे । ढुलाई पर खर्च रु. 480 था । उसे 50 पैसे प्रति रीम का चुंगी शुल्क और कुली को रु. 60 का भुगतान करना पड़ा । यदि वह 20% का लाभ चाहता हो तो प्रत्येक रीम का बिक्री मूल्य क्या होना चाहिए?

(1) रु. 126 (2) रु. 115.50 (3) रु. 105 (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5-6.** **निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी । सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विशेषता | विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.5.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## सामान्य सचेतता / सामान्य ज्ञान

**प्र.1.** निम्नलिखित में से वह कौन सा राज्य है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?

(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

**प्र.2.** तारापुर परमाणु बिजली संयंत्र कहाँ है ?

(1) बिहार (2) गुजरात (3) मध्य प्रदेश (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** निम्नलिखित में से कौनसा प्राधिकरण, भारत में LIC एजेंटों को लाइसेन्स जारी करता है ?

(1) IRDA (2) RBI (3) LIC (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** भारत में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धी तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?

(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम से नजदिकता से जुडा व्यक्ति कौन है ?

(1) डा. वी. कुरीयन (2) डा. एम्. एस्. स्वामीनाथन (3) डा. अमर्त्य सेन (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## अन्य प्रश्नावलियोंके प्रश्न सम्बंधित विषय से जुडी जानकारी, नियम/अधिनियम एवं पत्रकोंपर आधारित होंगे

**(अ) ऑनलाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक उत्तर सही होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । आपने जिस विकल्प को क्लिक कर के सेव किया है**

**(या रिव्यू के लिए मार्क किया है) वह उस प्रश्न के लिए आपका उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको “Save & Next” अथवा “Mark for Review & Next” के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पर समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है:

- 1 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**
- 2 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**
- 3 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**
- 4 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**
- 5 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।

(6) उत्तर देने और प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है:

क. किसी प्रश्न पर सीधे ही पहुँचने के लिए स्क्रीन पर दाहिनी तरफ प्रश्न पैलट पर प्रश्न संख्या पर क्लिक कीजिए । ध्यान रंहे कि इस विधि को अपनाएंगे तो वर्तमान प्रश्न के लिए दिया गया आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

ख. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **‘Save & Next’**> पर क्लिक कीजिए।

ग. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **‘Mark for Review & Next’** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, विकल्प बटन मे से एक पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए वांछित दूसरा विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए ।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next**> पर क्लिक कीजिए । यदि ऐसे प्रश्न के लिए उत्तर चुना गया है जिसे **Marked for Review** किया गया है, तो अंतिम मूल्यांकन में इसी उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू' के लिए 'मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए विचार किए जाएंगे ।**

(14) पेपरों के लिए अलग-अलग समय आबंटित है। पेपरों को दिए गए समयावधि में आप उस पेपर में से किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं।

(15) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार ESIC द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओ में बैठने के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के लिए पात्र होगा ।

(16) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(17) परीक्षा की अवधि की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी वस्तुनिष्ठ प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे । उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(18) **कृपया नोट करें :**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को ''फाइनली सबिमट'' करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया बुलावा पत्र में प्रस्तुत तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर (बुलावा पत्र पर छपे समय पर) रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाएँ। वही फोटो चिपकायें जो कंपनीद्वारा प्रमाणित किया गया होना चाहिए ।

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और ESIC के प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (केमरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित व्यवहार करते हुए पाया गया तो उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ ESIC उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(7) आपको अपने साथ एक नीला बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा । परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है ।

(8) परीक्षा के संचालन में किसी समस्या के आने की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है जिसकी वजह से टेस्ट डिलिवरी और/या रिजल्ट प्रभावित हो सकता है । ऐसी स्थिति मे समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा, जिसमे यदि जरुरी हुआ तो फिर से परीक्षा ली जा सकती है । इस संबंध में परीक्षा संचालन संस्था का निर्णय अंतिम रहेगा । इस तरह के परिवर्तन को स्वीकारने के लिए अनिच्छुक उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी ।

(9) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी उम्मीदवार के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(10) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(11) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024". पर ध्यान दें ।

**याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :**

आप परीक्षा के लिए जितनी भी पालियोंमे शामिल हो, उस हर पाली के लिए आपको अपने साथ निम्नलिखित लाने की सूचना दी जाती है :

(1) बुलावा पत्र जिस पर फोटो चिपका हुआ हो ।

(2) एक नीला बाल पाइंट पेन

(3) ESIC का कर्मचारी पहचान पत्र

## आपको शुभकामनायें!